**(ALL CA FOUNDATION BATCHES)**

**DATE: 18.01.2021** **MAXIMUM MARKS: 100** **TIMING: 2 Hours**

## ECONOMICS AND COMMERCIAL KNOWLEDGE

**All Questions is compulsory.**

(1) अर्थशास्त्र में सीमितता है :–
- (a) निरपेक्ष अवधारणा
- (b) सापेक्ष अवधारणा
- (c) अनुपयोगी अवधारणा
- (d) अवधारणा ही नहीं है।

(2) जब किसी समस्या के समाधान के लिए दो या दो से अधिक समाधान के तरीके उपलब्ध हो, तब उनमें से किसी एक सही समाधान को चुनने की प्रक्रिया है :–
- (a) समस्या का समाधान
- (b) निर्णय प्रक्रिया
- (c) आर्थिक विश्लेषण
- (d) प्रबन्धकीय योग्यता

(3) व्यवसायिक अर्थशास्त्र अपनी पहुॅच में प्रगतिशील होता है जिसका अर्थ है यह नहीं होता है :–
- (a) व्यवहारिक (Practical)
- (b) वास्तविक (Realistic)
- (c) भावात्मक (Abstract)
- (d) उपरोक्त सभी

(4) व्यवसायिक अर्थशास्त्र अधिक केन्द्रीकृत होता है :–
- (a) आदर्शमूलक ज्ञान पर
- (b) वास्तविक ज्ञान पर
- (c) अधिक आदर्शमूलक परन्तु कम वास्तविक
- (d) अधिक वास्तविक परन्तु कम आदर्शमूलक

(5) सूक्ष्म अर्थशास्त्र अध्ययन करता है :–
- (a) मुद्रा का बाहरी मूल्य
- (b) रोजगार
- (c) बचत और विनियोग
- (d) उपभोक्ता का व्यवहार

(6) निम्न में से कौनसा सीमान्त उपयोगिता ह्रास नियम की मान्यता है :–
- (a) पूर्ण प्रतियोगिता
- (b) लगातार उपभोग
- (c) मांग की स्थिरता
- (d) उपयोगिता की क्रमवाचक विचारधारा

(7) उपभोक्ता साम्य की अवस्था में होता है, जब –
- (a) सीमान्त उपयोगिता = मूल्य
- (b) सीमान्त उपयोगिता = शून्य
- (c) सीमान्त उपयोगिता = ऋणात्मक
- (d) सीमान्त उपयोगिता = मात्रा

(8) उपभोक्ता की बचत का क्षेत्र होता है :–
- (a) मांग वक्र से नीचे तथा मूल्य से उपर
- (b) पूर्ति वक्र से उपर तथा मूल्य से नीचे
- (c) मांग वक्र से उपर तथा मूल्य से नीचे
- (d) पूर्ति वक्र से नीचे तथा मूल्य से उपर

(9) कीमत रेखा के अन्दर स्थित बिन्दू दर्शाता है :–
- (a) उपभोक्ता द्वारा अधिक खर्च
- (b) उपभोक्ता द्वारा क्षमता से कम खर्च
- (c) उपभोक्ता द्वारा सम्पूर्ण आय को खर्च करना
- (d) उपरोक्त सभी।

(10) निम्न में से कौनसा उदासीनता वक्र पर आधारित उपभोक्ता के सन्तुलन की मान्यता नहीं है :–
- (a) यहां पर एक उदासीनता मानचित्र है, जो कि उपयोगिता के विभिन्न स्तरों को दर्शाता है।
- (b) उपभोक्ता की आय स्थिर है।
- (c) वस्तु की कीमत स्थिर है।
- (d) इस विश्लेषण में केवल एक ही वस्तु की अवधारणा पर विचार किया जाता है।

(11) क्रय शक्ति का अर्थ है :–
- (a) किसी वस्तु को खरीदने की इच्छा
- (b) किसी वस्तु को खरीदने की अनिवार्यता
- (c) किसी वस्तु को खरीदने की क्षमता
- (d) किसी वस्तु की उपयोगिता

(12) अतिअल्पकाल में कौनसा घटक मूल्य स्तर को सर्वाधिक प्रभावित करता है :–
- (a) मांग
- (b) पूर्ति
- (c) लागत
- (d) उत्पादन

(13) निम्न में से कौनसा कथन मूल्य र्निणयन से गुजरता है –
- (a) कॉफी की पूर्ति अल्काल में बेलेचदार होती है
- (b) नीची कीमतों से पैमाने की बचतें प्राप्त होती है
- (c) घटिया वस्तुओं की आय लोच ऋणात्मक होती है
- (d) सरकार द्वारा कॉलेज की फीस बढ़ाने का निर्णय सही नही है

(14) ——————————और————————माँग को प्रत्यक्षत प्रभावित नहीं करते हैं –
- (a) संबंधित वस्तुओं का मूल्य, उपभोक्ता की आय
- (b) उपभोक्ता की आय, पंसद
- (c) उत्पादन की लागत, बैंक की कार्य अवधि
- (d) संबंधित वस्तुओं का मूल्य, आदतें

(15) आय और आराम के मध्य का उदासीनता वक्र होगा –
- (a) मूल बिन्दु की ओर उन्न्तोदर
- (b) मूल बिन्दु की ओर नतोदर
- (c) ऋणात्मक ढ़ाल वाली सीधी रेखा
- (d) धनात्मक ढ़ाल वाली सीधी रेखा

(16) पूर्ति में विस्तार वह स्थिती होती है जब विक्रेता पूर्ति करना चाहते हैं –
- (a) बढ़ी हुई कीमत पर ज्यादा मात्रा
- (b) कराधान में वृद्धि के कारण ज्यादा मात्रा
- (c) समान कीमत पर ज्यादा मात्रा
- (d) घटी हुई कीमत पर ज्यादा मात्रा

(17) निम्न में से कौनसा पैमाने की बचतों का उदाहरण है :–
- (a) जैसे ही कम्प्यूटर उद्योग का विस्तार होता है, तो कम्प्यूटर संचालकों की मांग बढ़ती है, जिससे उनका वेतन भी बढ़ जाता है।
- (b) फर्मो को अपने राज्य की ओर आकर्षित करने के लिए सरकार द्वारा करों में कमी कर देना ताकि फर्मो की लाभदायकता बढ़ सकें।
- (c) कम्प्यूटर की मांग बढ़ जाने से उसकी कीमत का घट जाना।
- (d) इनमें से कोई नहीं।

(18) निम्न में से कौनसा कथन सत्य है ?
- (a) पैमाने के ह्रासमान प्रतिफल तथा उत्पत्ति ह्रास नियम एक ही नियम को समझाने के दो तरीके है।
- (b) पैमाने के वर्द्धमान प्रतिफल अल्पकालीन सिद्धान्त है, जबकि उत्पत्ति ह्रास नियम दीर्घकालीन सिद्धान्त है।
- (c) पैमाने के समान प्रतिफल अल्पकालीन सिद्धान्त है, जबकि पैमाने के वर्द्धमान दीर्घकालीन सिद्धान्त है।
- (d) इनमें से कोई नहीं।

(19) अवसर लागत है :–
- (a) किसी वस्तु को खरीदने का अतिरिक्त लाभ।
- (b) निर्णय प्रक्रिया में हम जिनका त्याग करते है।
- (c) उद्यमी द्वारा साधनों को किया गया भुगतान।
- (d) भविष्य में उत्पादन करने के लिए भूतकाल में किया गया भुगतान।

(20) एक विद्यार्थी के लिए अवसर लागत है :–
- (a) कोर्स की फीस तथा किराया
- (b) बैंक से लिया गया लोन
- (c) एक विद्यार्थी पढ़ने के स्थान पर नौकरी करके जो धन कमा सकता था।
- (d) विद्यार्थी जो स्नातक के बाद कमा सकता है।

(21) 4 इकाई की कुल लागत ज्ञात कीजिए।

| Units | Total Cost (Rs.) | Marginal Cost (Rs.) |
|---|---|---|
| 2 | 80 | 40 |
| 4 | – | 30 |

- (a) 140
- (b) 120
- (c) 50
- (d) 40

(22) एकाधिकार बाजार में सीमान्त आगम सदैव ________
- (a) मूल्य और औसत आगम से अधिक होती है।
- (b) मूल्य के पास समान होती है।
- (c) कभी मूल्य से अधिक तथा कभी कम होती है।
- (d) मूल्य और औसत आगम से कम होती है।

(23) यदि दो वस्तुओं की आड़ी लोच शून्य हो, तो वे वस्तुऐ है :–
- (a) पूर्णतया पूरक वस्तुऐं
- (b) पूर्णतया स्थानापन्न वस्तुऐं
- (c) असम्बन्धित वस्तुऐं
- (d) कुछ भी कहा नहीं जा सकता।

(24) दीर्घकाल में:–
- (a) केवल माँग परिवर्तित हो सकती है।
- (b) केवल पूर्ति परिवर्तित हो सकती है।
- (c) माँग एवं पूर्ति दोनों परिवर्तित हो सकती है।
- (d) इनमें से कोई नहीं

(25) बाजार में कीमत तथा उत्पादन का साम्य निर्धारित होता है:
- (a) कुल लागत वक्र व कुल आगम वक्र से
- (b) कुल लागत वक्र और सीमान्त आगम वक्र से
- (c) सीमान्त लागत वक्र और सीमान्त आगम वक्र से
- (d) केवल सीमान्त लागत वक्र से

(26) अर्थशास्त्र अध्ययन है –
- (a) समाज किस प्रकार अपने असीमित संसाधनों का प्रबंध करता है
- (b) अपनी आवश्यकताओं को किस प्रकार कम किया जाये, ताकि वह संतुष्ट हो सके
- (c) समाज किस प्रकार अपने सीमित संसाधनों का प्रबंध करता है
- (d) अपनी सीमित आवश्यकताओं को कैसे पूर्णतः संतुष्ट करना है

(27) यदि माँग–––––––––है तो कीमत घटने पर कुल व्यय–––––––––
- (a) पूर्णतया लोचदार, बढ़ता है
- (b) लोचदार, बढ़ता है
- (c) लोचदार, घटता है
- (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(28) उपयोगिता को नहीं मापा जाता है–
- (a) धन में
- (b) मूल्य में
- (c) सन्तुष्टी
- (d) ए और बी दोनों

(29) यदि किसी वस्तु के उपभोग से उपभोक्ता को 320 संतुष्टी प्राप्त होती है, जबकि उसकी कीमत 180 रुपये है तो उपभोक्ता की बचत होगी–
- (a) 180
- (b) 200
- (c) 140
- (d) 500

(30) निम्न में से कौनसा एक उद्यमी का उद्देश्य है :–
- (a) आर्थिक उद्देश्य
- (b) सामाजिक उद्देश्य
- (c) राष्ट्रीय उद्देश्य
- (d) उपरोक्त सभी।

(31) अर्थशास्त्र में उत्पादन का अर्थ नहीं है :–
- (a) उपयोगिता का सृजन
- (b) उपयोगिता को बढ़ाना
- (c) पदार्थ का सृजन
- (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(32) सीमान्त लागत में वृद्धि उत्पादन को__________है तथा सीमान्त आगम में वृद्धि उत्पादन को________है।
- (a) घटाता है, घटाता है
- (b) घटाता है, बढ़ाता है
- (c) बढ़ाता है, बढ़ाता है
- (d) बढ़ाता है, घटाता है

(33) एक फर्म की मान्यता है कि लागत__________है तथा लाभ__________ है।
- (a) चुकाना, की इच्छा
- (b) चुकाना, बनाना
- (c) चुकाना, कमाना
- (d) घटाना, बढ़ाना

(34) विक्रय लागतों में शामिल है :–
(i) विज्ञापन लागत
(ii) परिवहन लागत
(iii) उपभोक्ताओं के लिए डिस्काउंट ऑफर
(iv) विक्रेताओं के लिए प्रोत्साहन राशि
- (a) केवल (i)
- (b) (i), (ii) तथा (iv)
- (c) (i), (iii) तथा (iv)
- (d) इनमें से कोई नहीं।

(35) सन्तुलन की अवस्था वह है, जहां –
- (a) सरकारी नियंत्रण नहीं होता
- (b) क्रेता व विक्रेता दोनों अपने व्यवहार को बदलना नहीं चाहते
- (c) मांग वक्र पूर्णतया लोचदार होता है
- (d) पूर्तिवक्र पूर्णतया लोचदार होता है।

(36) वह समय अवधि जिसमें उद्योग में ना तो नई फर्म प्रवेश कर सकती है और ना ही बर्हिगमन कर सकती है–
- (a) अल्पकाल
- (b) मध्यम काल
- (c) दीर्घकाल
- (d) अतिदीर्घकाल

(37) इस बात का अध्ययन कि कैसे कारपोरेट आयकर की दर में वृद्धियाँ राष्ट्रीय बेरोजगारी की दर को प्रभावित करेंगी एक उदाहरण है :
- (a) व्यापक अर्थशास्त्र का
- (b) विवेचानात्मक अर्थशास्त्र का
- (c) सूक्ष्म अर्थशास्त्र का
- (d) आदर्श मूलक अर्थशास्त्र का

(38) वास्तविक व आदर्श मूलक अर्थशास्त्र में अन्तर है।
- (a) वास्तविक अर्थशास्त्र अर्थव्यवसाय के प्रदर्शन की व्याख्या करता है जबकि आदर्श मूलक अर्थशास्त्र में अर्थव्यवसाय के बुरे प्रदर्शन के कारणों की व्याख्या करता है।
- (b) वास्तविक अर्थशास्त्र अर्थव्यवस्था के वास्तविक तथ्यों की व्याख्या करता है जबकि आदर्श मूलक अर्थशास्त्र इस बात की जॉच करता है अर्थव्यवस्था के लोगों के लिए क्या चीज अच्छी है और क्या बुरी।
- (c) आदर्श मूलक अर्थशास्त्र अर्थव्यवस्था के वास्तविक तथ्यों का अध्ययन करता है जबकि वास्तविक अर्थशास्त्र अर्थव्यवस्था के लिए क्या अच्छा व क्या बुरा है कि व्याख्या करता है।
- (d) इनमें से कोई नहीं।

(39) निम्न में से कौन व्यवसायिक अर्थशास्त्र का अध्ययन क्षेत्र नही है
- (a) पूॅजी बजट
- (b) जोखिम अध्ययन
- (c) व्यापार चक्र
- (d) Accounting Standard (लेखामानक)

(40) मॉग में वृद्वि किसका परिणाम होती है।
- (a) बाजार कीमत में कमी
- (b) आय में वृद्वि
- (c) स्थानापन्न वस्तु की कीमत में कमी
- (d) पूरक वस्तु की कीमत में वृद्वि

(41) जब x व्यक्ति की आय 5000 रू. थी तब वस्तुओं पर खर्च की जाने वाली आय 2000 रू. थी तथा आय के 8000 रू. होने पर वस्तुओं पर खर्च की जाने वाली आय 5000 रू. हो गयी तो आय व वस्तुओं पर खर्च की जाने वाली आय के मध्य पाये जाने वाले संबंध को लोच में व्यक्त करोः–
- (a) $e > 1$
- (b) $e = 1$
- (c) $e = 0$
- (d) $e < 1$

(42) मांग वक्र के किन्ही दो बिन्दुओं के मध्य निकाले जाने वाली लोच को कहते है–
- (a) मुल्य लोच
- (b) चाप लोच
- (c) बिन्दु लोच
- (d) आय लोच

(43) मांग उत्पन्न होती हैं–
- (a) सामाजिक वस्तुऐं उदाहरण खाद्यान्न, कपड़ा
- (b) हानिकारक उत्पाद उदाहरण शराब, सिगरेट
- (c) (a) व (b) दोनों
- (d) (a) व (b) दोनो नहीं

(44) औसत उत्पादन वक्र पर कौनसी स्थिति लागू नहीं होती है –
- (a) धनात्मक ढ़ाल
- (b) गिरता हुआ ढ़ाल
- (c) स्थिर ढ़ाल
- (d) ग्राफ के ऋणात्मक मार्ग में ढ़ाल का प्रवेश

(45) अगर किसी वस्तु की मांग लोचदार होती है तो जब उसका मुल्य बढता है तो कुल व्यय होगा–
(a) समान
(b) बढेगा
(c) घटेगा
(d) इनमें से कोई नही

(46) अल्पकाल में उत्पादन के ––––––––– साधन परिवर्तनशील होते है।
(a) सभी
(b) कोई नही
(c) एक
(d) उपरोक्त सभी

(47) सामान्यतः उत्पादन फलन बताता है।
(a) उत्पादन के साधनों की उत्पादकता।
(b) उत्पादन के साधनों में संयोग।
(c) भौतिक साधनों व उत्पादन में संबंध।
(d) पैमानें की बचतें।

(48) सरकार द्वारा सार्वजनिक उद्यान के निर्माण से उत्पन्न लागत कहलाती हैः–
(a) सामाजिक लागत
(b) सीमांत लागत
(c) वास्तविक लागत
(d) निजी लागत

(49) निम्नलिखित के द्वारा 10 इकाईयों पर औसत परिवर्तनशील लागत निकालियें :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| उत्पादन | : | 0 | 10 | 20 |
| कुल लागत | : | Rs. 200 | Rs. 400 | Rs. 800 |

(a) Rs. 40
(b) Rs. 20
(c) Rs. 200
(d) Rs. 400

(50) पूर्ण प्रतियोगिता के फर्म मूल्य स्वीकारक होती है तथा ––––––––– वक्र क्षैतिज होता है–
(a) MC
(b) TC
(c) TR
(d) MR

(51) यदि उपभोक्ता अपनी बजट रेखा पर है, तो वह –
(a) अपनी आय का पूर्ण व्यय नहीं कर रहा है
(b) अपनी आय का पूर्ण व्यय कर रहा है
(c) अपनी आय का शायद पूर्णतया व्यय कर भी रहा है और नहीं भी
(d) साम्य पर है

(52) दीर्घकाल में "पूर्ति की लोच" होगी–
(a) समान
(b) बेलोचदार
(c) लोचदार
(d) उपरोक्त सभी

(53) जब औसत उत्पाद गिरता है, तब–
- (a) सीमान्त उत्पाद से कम होता है
- (b) सीमान्त उत्पाद से अधिक होता है
- (c) सीमान्त उत्पाद के बराबर होता है
- (d) उपरोक्त में से कोई भी

(54) निम्नलिखित कुल उत्पाद श्रृंखला में कौनसा परिवर्तनशील क्रम घटती सीमान्त प्रत्याय को दर्शाता है–
- (a) 5, 5, 5, 5
- (b) 5, 11, 18, 26
- (c) 5, 9, 12, 14
- (d) 5, 10, 15, 20

(55) जब TR गिरता है–
- (a) AR शून्य होता है
- (b) MR शून्य होता है
- (c) MR ऋणात्मक होता है
- (d) AR गिरता रहता है

(56) सूक्ष्य अर्थशास्त्र––––––होता है–
- (a) सारगर्भित
- (b) वैचारिक
- (c) अवास्तविक मान्यताओं पर आधारित
- (d) उपरोक्त सभी

(57) "डैल्फी विधि" को––––––द्वारा विकसित किया गया था–
- (a) पीटर ड्रकर
- (b) एल्फर्ड मार्शल
- (c) ओलाफ हेल्मर
- (d) एडम स्मिथ

(58) मांग पूर्वानुमान की प्रवृत्ति प्रक्षेपण विधि–––––––है–
- (a) आधुनिक
- (b) प्राचीन
- (c) नवप्रर्वतन
- (d) उपरोक्त सभी

(59) Q = - 100 + 20P इस पूर्ति फलन में पूर्ति की बिन्दु लोच विधि का उपयोग करते हुये जब मूल्य रुपये 20 है, तो लोच निकालिये–
- (a) 300
- (b) 3
- (c) 1.33
- (d) 5

(60) जब X वस्तु का मूल्य से बढ़ता है, तो Y वस्तु की मांगी गई मात्रा 50% से घटती है, तो मांग की आड़ी या तिरछी लोच होगी–
- (a) + 1%
- (b) - 1%
- (c) 100%
- (d) -100%

(61) __________ तात्पर्य न केवल साझेदारी व्यवसाय को पूर्ण रूप से बंद करने या समाप्त करने से है, बल्की साझेदारों की संख्या में कोई परिवर्तन से वर्तमान समझौते में होने वाले परिवर्तन से है।
- (a) साझेदारी का विघटन
- (b) घुमावदार होना
- (c) व्यवसाय बंद करना
- (d) फर्म की सभी परिसंपत्तियों की बिक्री

(62) एक व्यवसाय अपने अवसरो को बढाने के लिए व खतरो को कम करने के लिए क्या प्रक्रिया अपनाता है
- (a) व्यूहरचनात्मक प्रतिक्रिया
- (b) न्यूनतम प्रतिरोध
- (c) विविधत
- (d) सरलीकरण

(63) एक कारोबारी माहौल में बाहरी कारक, शामिल हैं–
- (a) अवसर
- (b) खतरा
- (c) दोनों (ए) और (बी)
- (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(64) कौनसा Environment व्यवसाय के नियंत्रण से परे है।
- (a) आंतरिक
- (b) बाहरी
- (c) माइक्रो
- (d) मैक्रो

(65) पर्यावरणीय प्रभावों को समझना मुश्किल क्यों है?
- (a) इसकी अलग–अलग उप–प्रणालियाँ हैं
- (b) यह आसानी से भविष्यवाणी नहीं की जा सकती
- (c) इसमें एक जटिल फ्रेम वर्क है
- (d) उपरोक्त सभी

(66) आपूर्तिकर्ता पर्यावरण का ................... पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है–
- (a) सामग्री की गुणवत्ता
- (b) सामग्री और सेवा की लागत
- (c) उपभोक्ता के स्वाद, पसंद और अपेक्षाओं में परिवर्तन
- (d) सामग्री और सेवाओं की उपलब्धता

(67) मौद्रिक नीति में शामिल हैं–
- (a) गतिविधियाँ और हस्तक्षेप जिनका उद्देश्य व्यापार को ऋण की सुचारू आपूर्ति और व्यापार और उद्योग को बढ़ावा देना है
- (b) सार्वजनिक व्यय, कराधान (प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों और सार्वजनिक ऋण के संबंध में नीति।
- (c) औद्योगिक विकास, और संबंधित उद्देश्यों को गति देने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में विदेशी निवेश की आमद को विनियमित करना
- (d) निर्यात में वृद्धि और निर्यात और आयात के बीच की खाई को पाटना

(68) ————————नीति का उद्देश्य औद्योगिक विकास, और संबंधित उद्देश्यों को गति देने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में विदेशी निवेश की आमद को विनियमित करना है।
(a) राजकोषीय
(b) मुद्रा
(c) विदेशी निवेश
(d) दोनों (ए) और (सी)

(69) ————————analysis उन पर्यावरणीय प्रभावों को स्कैन करने का एक तरीका है जो किसी संगठन या उसकी नीति को प्रभावित या प्रभावित करने की संभावना रखते हैं–
(a) स्वोट
(b) PESTLE
(c) ब्रह्मांडीय
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(70) Fortune 500 companies 2020 में इन्टेल की रैंक है।
(a) 48
(b) 46
(c) 45
(d) 38

(71) मार्केटिंग पर्यावरण में केन्द्रीय भूमिका किसकी होती है।
(a) उपभोक्ता
(b) खरीददार
(c) सगंठन
(d) उपरोक्त सभी

(72) Price Sensitivity of the market (व्यापार की कीमत संवेदनशीलता) व्यष्टि पर्यावरण के कौनसे भाग का प्रमुख साधन है।
(a) पूर्तिकर्ता
(b) व्यापार
(c) मध्यस्थ
(d) उपभोक्ता

(73) निम्न मे से कौन आर्थिक पर्यावरण का भाग नही।
(a) बाजार एवं व्यापार चक्र
(b) उपभोक्ता के खरीदने का तरीका
(c) उपभोक्ता की खर्च करने की क्षमता
(d) ब्याज व विनिमय दर

(74) ...................... पर्यावरण एक देश की प्रकृति तथा दिशा को दर्शाता है जिसमे एक उद्योग या कम्पनियॉ प्रतियोगिता करती है
(a) सामाजिक–सांस्कृतिक
(b) आन्तरिक
(c) व्यष्टि
(d) आर्थिक

(75) रिलायन्स इण्डस्ट्रीज की स्थापना कब हुई
- (a) 1965
- (b) 1966
- (c) 1978
- (d) 1959

(76) किस गैस कम्पनी के पास भारत का सबसे लम्बा पाइपलाइन नेटवर्क है
- (a) गेल (इण्डस्ट्रीज)
- (b) भारत पैट्रोलियम
- (c) रिलायंस इण्डस्ट्रीज
- (d) ONGC

(77) Infosys द्वारा निर्मित वैश्विक बैकिंग प्लेट फार्म कहलाता है।
- (a) माना
- (b) Finical
- (c) SKAUA
- (d) Panay cloud site

(78) वार्षिक वित्तीय व्यय, कर, प्रशुल्क तथा सेना पर खर्च का निर्णय किसके अर्न्तगत आता है।
- (a) नीतियां
- (b) बजट
- (c) लक्ष्य निर्धारण
- (d) दीर्घकालिन नियोजन प्रक्रिया

(79) निजीकरण का वह रूप जिसमें सरकार सारी उत्तरदायित्व अपने पास बनाऐ रखती है निजी क्षेत्र को प्रबंधन सौप देती है कहलाता है।
- (a) विनिवेश
- (b) विनियमित करना
- (c) प्रत्यायोजन
- (d) विकेन्द्रीकरण

(80) हुन्डई इण्डिया लिमिटेड ने भारत में FDI मार्ग के द्वारा प्रवेश किया या तो यह कौनसा पथ है–
- (a) सार्वजनिक क्षेत्र का विनिवेश
- (b) संयुक्त उपक्रम
- (c) 100 प्रतिशत भारतीय सहयोगी संस्था
- (d) सरकारी उद्योग को प्रतिस्थापित करना

(81) बहुराष्ट्रीय कंपनियों को अपने परिचालन को उन राष्ट्रों की––––––––के अनुसार संरेखित करना पड़ता है, जहां से वे काम करते हैं–
- (a) सरकार की नीति
- (b) सार्वजनिक नीति
- (c) व्यापार नीति
- (d) बाजार नीति

(82) गैब्रियल आलमंड ने एक के विचार को लोकप्रिय बनाया
- (a) राजनीतिक संस्कृति
- (b) सामाजिक संस्कृति
- (c) राजनीति–नीति संबंध
- (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(83) वह प्रक्रिया जिसके द्वारा एक विधायी प्रस्ताव को एक कानून बनाने वाली संस्था के समक्ष लाया जाता है और फिर भूमि के कानून में अनुवादित किया जाता है–
(a) पॉलिसी प्रारूपण
(b) कानून बनाना
(c) कानून पेश करना
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(84) एक विदेशी प्रत्यक्ष निवेशक कौन नहीं हो सकता है?
(a) सरकारें या सरकारी एजेंसियां,
(b) संपदा, ट्रस्ट या अन्य संगठन,
(c) असिंचित निजी या सार्वजनिक उद्यम
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(85) निम्नलिखित में से कौन सा कथन FPI के बारे में सही नहीं है–
(a) प्रकृति में सट्टा
(b) जिस देश में निवेश होता है, वहां के आउटपुट, रोजगार, वेतन स्तर आदि में वृद्धि
(c) प्रबंधन या नियंत्रण में कोई रुचि नहीं
(d) नाममात्र की पूंजी में निवेश का गठन

(86) वर्ष में एकल खुदरा बिक्री में 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति थीः
(a) 2012
(b) 2010
(c) 1999
(d) 1997

(87) आर.बी.आई. के संबंध मे कौनसा कथन असत्य है–
(a) यह सरकार व बैंको के लिए कार्य करता है
(b) यह देश में मौद्रिक स्थिरता और देश में कीमत स्थिरता को बनाऐ रखता है
(c) इसका एक उद्देश्य देश में अंशधारकों के हितो की रक्षा करना है
(d) भारतीय रिजर्व बैंक देश में मुद्रा निर्गमित करने वाली प्रमुख

(88) बडी संस्था में स्वयं सहायता समूह ऋण सेवा के साथ जुडे है जो की भारत में सूक्ष्म ऋण के प्रमुख स्त्रोत के रूप में व्यर्थ कर रहे है। यह किसकी देन है–
(a) नाबार्ड
(b) सिडबी
(c) आई.डी.बी.आई
(d) सेबी

(89) निम्न में से कौनसा कथन असत्य है–
(a) सेबी में एक चैयरमैन होता है जो की केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है
(b) सेबी में दो सदस्य केन्द्रीय सरकार के मंत्रालय मे से नियुक्त किए जाते है।
(c) सेबी में एक सदस्य आर.बी.आई. द्वारा अपने ही कर्मचारियों मे से एक नियुक्त किया जाता है।
(d) सेबी में पॉच अन्य सदस्य नियुक्त किये जाते है जिनमे से 4 सदस्य पूर्णकालिक सदस्य होते है जिसे केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है।

(90) निम्न में से कौनसा कार्य भारतीय प्रतियोगिता आयोग का नहीं है
- (a) ऐसे कार्यो को प्रोत्साहित करना जो भारत में प्रतियोगिताको हानि पहुचाते हो
- (b) बाजारों में प्रतियोगिता को बढावा देना
- (c) उपभोक्ता के हितो की रक्षा करना
- (d) व्यापार की स्वतंत्रता को बनाये रखना

(91) व्यवसाय बनाने वाले उत्पादों और उत्पादों का संग्रह कहा जाता है
- (a) व्यापार विविधता
- (b) कंसोर्टियम
- (c) बिजनेस पोर्टफोलियो
- (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(92) स्वामित्व शब्द किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह को ___________ के उद्देश्य से संपत्ति या संपत्ति के लिए कानूनी शीर्षक प्राप्त करने के अधिकार को संदर्भित करता है।
- (a) मुनाफा कमाना
- (b) माल बेचना
- (c) व्यवसाय चलाना
- (d) समाज की सेवा करना

(93) ब्याज की दरें जिन्हें ऋणदाता द्वारा अनुबंध में बदला जा सकता है, कहा जाता है
- (a) बैंक दर
- (b) प्रशासित दरें
- (c) जमा ब्याज
- (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(94) ब्याज, शेयर सूचकांक और बाजार दरों जैसे वित्तीय मापदंडों में बदलाव को कहा जाता है
- (a) जनगणना
- (b) सूचकांक
- (c) बेसिस पॉइंट
- (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(95) कभी–कभी बैंक द्वारा आवश्यक माध्यमिक सुरक्षा और ऋण दायित्व पर उधारकर्ता के प्रदर्शन की गारंटी देने का इरादा कहा जाता है
- (a) संपार्श्विक सुरक्षा
- (b) जमा का प्रमाण पत्र
- (c) जमा पर्ची
- (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(96) एक बैंक द्वारा जारी किया गया एक दस्तावेज (खरीदार या आयातक की ओर से), अपने ग्राहक द्वारा माल की खरीद के लिए एक तृतीय पक्ष (विक्रेता या निर्यातक), एक विशिष्ट राशि का भुगतान करने की अपनी प्रतिबद्धता बताते हुए, जो खरीदार कहा जाता है
- (a) प्रॉमिसरी नोट
- (b) लेटर ऑफ क्रेडिट
- (c) चेक
- (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(97) सीमित देयता भागीदारी अधिनियम, 2008 अधिसूचना __________ के माध्यम से प्रभावी हो गया।
- (a) 31st March 2009
- (b) 31st March 2010
- (c) 31st March 2008
- (d) 31st March 2011

(98) पॉइंट ऑफ कॉन्टैक्ट (POC) बिजनेस फैसिलिटेटर्स का एक उदाहरण
- (a) परिवहन एजेंसी
- (b) व्यापार इनक्यूबेटर
- (c) बैंक
- (d) बीमा कंपनी

(99) _______ की दर जिस पर बैंक सरकारी प्रतिभूतियों को भारतीय रिजर्व बैंक को बेचने या बेचने के लिए RBI से धन लेते हैं।
- (a) मांग दर
- (b) ब्याज दर
- (c) रेपो रेट
- (d) रिवर्स रेपो रेट

(100) बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की सीमा है –
- (a) 39%
- (b) 49%
- (c) 29%
- (d) 59%

—**—